विधान परिषद

विधान परिषद कक्ष स्कॉटलैंड में पूर्वनिर्मित कच्चे लोहे से बनी इमारत है, जिसे मूल रूप से विक्टोरिया भेजा गया था। इसे 1856 में द्विसदनात्मक (दो सदनों की) संसदीय प्रणाली बनाने पर परिषद को समायोजित करने के लिए निर्मित किया गया था। 1980 के दशक के आरंभ में कक्ष का पुनरुद्धार इसकी 1892 की अवस्थिति में किया गया।

- न्यू साउथ वेल्स की संसद की विधान परिषद में 42 सदस्य हैं, जिनमें से प्रत्येक सदस्य आठ वर्ष के कार्यकाल के लिए सेवा करता है। प्रत्येक चार वर्षों में विधान सभा के लिए आम चुनाव के समय ही इनमें से आधे सदस्य फिर से चुनाव के लिए खड़े होते हैं।
- सदस्यों का चुनाव उनके दल को मिलने वाले कुल मतों के अनुपात में राज्य-व्यापी आधार पर किया जाता है। 1988 के बाद से किसी भी प्रमुख दल या दलों को बहुमत नहीं मिला है, और इसके परिणामस्वरूप सदन में छोटे दलों एवं समूहों का व्यापक और विविधतापूर्ण प्रतिनिधित्व उपस्थित है।
- अधिकांश विधेयक (बिल) विधान सभा में आरंभ किए जाते हैं और परिषद मुख्य रूप से समीक्षा का सदन है, जो विधेयकों को दूसरी दृष्टि से देखता है और उनमें अक्सर संशोधन करता है। किंतु धन विधेयकों के अलावा अन्य सभी विधेयक किसी भी सदन में आरंभ किए जा सकते हैं।

*विधान परिषद कक्ष*





*विधान परिषद प्रकोष्ठ*

- व्यापक रूप से संसद के दोनों सदनों की शक्तियाँ और कार्यविधियाँ समान होती हैं, किंतु परिषद सरकारी सेवाओं के लिए वार्षिक विनियोग (बजट) विधेयक को अवरुद्ध नहीं कर सकती है। दोनों सदनों में पारित हो जाने के बाद विधेयक कानून बनाए जाने के प्रयोजन से न्यू साउथ वेल्स के राज्यपाल के पास भेजे जाते हैं।

**न्यू साउथ वेल्स की संसद इस भूमि के पारंपरिक स्वामियों, एओरा राष्ट्र के गाडिगल लोगों को अभिस्वीकृति देती है।**




## न्यू साउथ वेल्स की संसद देखने आएँ

न्यू साउथ वेल्स की संसद सिडनी में मैक्वायरी स्ट्रीट पर मार्टिन प्लेस के लगभग विपरीत स्थित है।

संसद, प्रदर्शनों और सूचना सहित, कार्यदिवसों में सुबह 9:00बजे से शाम 5:00 बजे तक खुली रहती है।

जिन दिनों बैठकें नहीं होती हैं, उन दिनों नियमित रूप से विधायी कक्षों के दौरे आयोजित किए जाते हैं। सार्वजनिक दौरे सोमवार और शुक्रवार को दोपहर 1:30बजे और स्कूल के अवकाशों की अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित किए जाते हैं। **सामूहिक दौरों** का आयोजन **02 9230 3444** पर फोन करके आरक्षित (बुक) किया जाना चाहिए।

बैठक के दिनों में जनदीर्घाओं से कार्यवाहियाँ देखने के लिए आगंतुकों का स्वागत है।

**दौरे निःशुल्क हैं।**

संसद में कैजुअल कैफे से लेकर स्ट्रेंजर्स रेस्तरां में बैठकर शानदार भोजन करने के लिए अनेकानेक भोजन विकल्प उपलब्ध हैं - जहाँ अपरिचित लोग मित्र बन जाते हैं। भवन के कुछ हिस्से सार्वजनिक समारोहों के लिए भी उपलब्ध हैं।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | **www.parliament.nsw.gov.au**<br>संसद, सदस्यों, बैठकों के समय, हैंसर्ड, विधेयकों, समिति की रिपोर्टों और शैक्षिक संसाधनों के बारे में जानकारी। |
| डाक | Parliament of New South Wales<br>Macquarie Street<br>Sydney NSW 2000 |
| फोन | (02) 9230 2111 - स्विचबोर्ड<br>(02) 9230 2319 - विधान परिषद<br>(02) 9230 2219 - विधान सभा<br>(02) 9230 2047 - संसदीय शिक्षा<br>(02) 9230 2924 - भोजन और समारोह |
| ईमेल | Assembly@parliament.nsw.gov.au<br>Council@parliament.nsw.gov.au<br>DPS.Education@parliament.nsw.gov.au<br>DPS.Catering@parliament.nsw.gov.au |

Hindi

PARLIAMENT NSW

# Parliament of New South Wales



ऑस्ट्रेलिया की सर्वप्रथम संसद

# विधान सभा

- न्यू साउथ वेल्स संसद न्यू साउथ वेल्स के लिए कानून निर्मित करने वाली संस्था है और यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे पहली और सबसे पुरानी संसद है। इसमें लोकतांत्रिक विधि से निर्वाचित दो सदन हैं।
- न्यू साउथ वेल्स संसद की विधान सभा में सरकार बैठती है, जो सदन के 93 सदस्यों के बहुमत वाले दल या दलों से निर्मित होती है।
- प्रत्येक चार वर्षों में वैकल्पिक वरीयता मतदान प्रणाली का उपयोग करके चुनाव होते हैं। प्रत्येक सदस्य एक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है।
- प्रीमियर और अधिकांश मंत्री विधान सभा के सदस्य होते हैं, इसलिए अधिकांश विधेयक और सरकारी कार्यवाहियाँ यहाँ आरंभ की जाती हैं।
- कक्षों के रंग यूनाइटेड किंगडम की संसद के रंगों के अनुरूप हैं: हाउस ऑफ कॉमन्स का हरा रंग और हाउस ऑफ लॉर्ड्स का लाल रंग।

*विधान सभा कक्ष*



विधान सभा कक्ष ऑस्ट्रेलिया का सबसे पुराना विधायी कक्ष है। 1843 में मूल रूप से इस कक्ष को विधान परिषद के लिए बनाया गया था, किंतु जब 1856 में द्विसदनात्मक (दो सदनों की) संसदीय प्रणाली आरंभ की गई थी, तब से इसका उपयोग विधान सभा द्वारा लगातार किया जाता रहा है। 1980 के दशक के आरंभ में कक्ष का पुनरुद्धार इसकी 1908 की अवस्थिति में किया गया।



*विधान सभा प्रकोष्ठ*

## रम पर निर्मित अस्पताल से...

1788 में सिडनी की स्थापना एक ब्रिटिश अपराधी उपनिवेश के रूप में की गई थी, लेकिन उपनिवेश में कई स्वतंत्र उपनिवेशक होने के परिणामस्वरूप 1824 तक राज्यपाल की सहायता के लिए एक छोटे आकार की विधान परिषद स्थापित कर दी गई थी, जोकि ऑस्ट्रेलिया के लोकतांत्रिक प्रशासन की दिशा में एक पहला कदम था।

सिडनी का पहला स्थायी अस्पताल 1816 में पूरा किया गया। इसे निधीकृत करने के लिए राज्यपाल लैक्लैन मैक्वायरी ने इमारत के ठेकेदारों को 60,000 गैलन रम को आयात करने और बेचने की अनुमति दी। रम अस्पताल की मूल तीन इमारतों में से दो इमारतें अभी भी खड़ी हुई हैं, जिनमें से एक न्यू साउथ वेल्स की संसद का हिस्सा है।

1829 में मुख्य सर्जन क्वार्टरों में विस्तारित विधान परिषद की बैठक आरंभ हुई और उस समय से यह स्थल संसद का केंद्र बना हुआ है।

संवृद्ध होते हुए लोकतांत्रिक उपनिवेश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1843 में, और एक बार फिर से 1856 में विधायी कक्षों को जोड़ा गया था। बाद में कार्यालयों, भोजन कक्षों और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया। पूरी तरह से नवनिर्मित भवन की योजनाओं को हमेशा लागतों के कारण त्याग दिया गया।



आज 1816 के “रम अस्पताल” की केवल दो बाहरी इमारतें मैक्वायरी स्ट्रीट पर खड़ी हैं। ऊपर दिखाए गए उत्तरी विंग को, जो कभी मुख्य सर्जन के क्वार्टर्स थे, 1829 में संसद का नाभिक बनाया गया।

संसद के पुराने और नए भाग फव्वारा प्रांगण क्षेत्र तथा रूफ टॉप गार्डन के माध्यम से अलग हैं और जुड़े हुए भी हैं।

अंततः 1974 में पुनर्निर्माण आरंभ हुआ। इमारतों के संग्रह को एक 12-मंजिला ब्लॉक से प्रतिस्थापित कर दिया गया, जिसे पानी के फव्वारे के प्रांगण से होकर मैक्वायरी स्ट्रीट पर स्थित संरक्षित इमारतों से जोड़ा गया। ऐतिहासिक कक्षों, पुस्तकालय, प्रकोष्ठों और पूर्व सर्जन क्वार्टरों का सावधानीपूर्वक पुनरुद्धार किया गया, जो आज भी न्यू साउथ वेल्स संसद के केंद्र और सार्वजनिक चेहरे के रूप में बने हुए हैं।

## ... लोकतांत्रिक सरकार की समकालीन आधारशिला के प्रति

*फव्वारा प्रांगण (फाउंटेन कोर्ट)*



फव्वारा प्रांगण के केंद्र में रॉबर्ट वुडवर्ड की एक जल मूर्तिकला प्रदर्शित है। आस-पास के क्षेत्र में अस्थाई रूप से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रुचि की कलाकृतियाँ तथा वस्तुएँ हमेशा जनता के देखने के लिए प्रदर्शित की जाती हैं।

सुलह प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में और न्यू साउथ वेल्स की भूमि के पारंपरिक स्वामियों को मान्यता देने के लिए फव्वारा प्रांगण की पश्चिम दीवार आदिवासी कलाकारों की कार्यकृतियों का प्रदर्शन करने के लिए एक स्थायी क्षेत्र के रूप में समर्पित है।

- राज्य के कानूनों के निर्माण, राजकीय वित्त के नियंत्रण और न्यू साउथ वेल्स के लोगों के लिए महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने के लिए न्यू साउथ वेल्स संसद को सीधे लोगों द्वारा चुना जाता है। संसदीय चुनाव विधान सभा में बहुमत के समर्थन से एक दल या दलों द्वारा गठित **राज्य सरकार** का निर्धारण करते हैं।
- संसद सरकार की व्यवस्था की तीनों शाखाओं में से **विधायी** शाखा है। अन्य दो शाखाएँ **कार्यपालिका** (कैबिनेट) और **न्यायपालिका** (न्यायाधीश और न्यायालय) हैं। प्रत्येक शाखा के अलग-अलग कार्य होते हैं और ये अन्य शाखाओं की शक्तियों को संतुलित करने का कार्य करती हैं।
- प्रीमियर और मंत्री (कैबिनेट) नीति विकसित करते हैं और सरकारी विभागों के माध्यम से कानूनों का प्रशासन करते हैं। वे संसद के सदस्य बने रहते हैं और संसद के प्रति उत्तरदायी होते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की **सरकार के तीन स्तरों** - संघीय, राज्य और स्थानीय - में से राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, सड़क और परिवहन जैसे अधिकांश दिन-प्रतिदिन के मामलों के लिए जिम्मेदार होते हैं। संघीय सरकार रक्षा, विदेश मामले, व्यापार, संचार और आर्थिक नीति जैसे राष्ट्रीय मुद्दों के साथ व्यवहार करती है।